राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार

<u>वार्षिक प्रतिवेदन</u>

पारितोषिक वितरण समारोह

दिनांक 18 फरवरी 2019

<u>2018–19</u>

मुख्य अतिथि :

लैफ्टिनेंट जनरल श्री देवेन्द्र पाल वत्स

सांसद राज्यसभा

भारत सरकार

प्रस्तुति :–

श्री प्रताप सिंह रोहिल्ला, प्राचार्य

आज के इस पुनीत अवसर पर सर्वप्रथम मैं आप सभी को अवगत कराना चाहता हूँ कि हरियाणा राज्य की इस गौरवशाली एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था की शुरूआत वर्ष 1950 में हुई। राजकीय महाविद्यालय अपने अतीत की प्रतिष्ठा को निरन्तर बनाए रखने और नए आयाम स्थापित करने की ओर निरन्तर प्रयासरत है।

❖ राजकीय महाविद्यालय, हिसार को (NAAC) के द्वितीय चक्र के मूल्यांकन में 3.04 CGPA के साथ 'A' ग्रेड प्राप्त है।

❖ **आन्तरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ (IQAC)**

- महाविद्यालय मे आन्तरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ (Internal Quality Assurance Cell) शैक्षणिक कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए सतत् प्रयासरत है। इस प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ लखवीर सिंह है।
- 'गुणवत्ता प्रकोष्ठ' महाविद्यालय के एसि0/एसो0/प्रोफेसरज के वार्षिक उपलब्धि सूचक (API) के सत्यापन का कार्य भी करती है। इसी के तहत इस सत्र में 20 प्राध्यापकों का API सत्यापित किया गया।
- NAAC के अंतर्गत NIRF प्रकोष्ठ के प्रयास से महाविद्यालय का National Ranking के लिए पंजीकरण करवाया गया है। NIRF प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ0 लखबीर सिंह हैं।

❖ **प्रवेश संख्या** :– सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में 2970 छात्राओं व 2232 छात्रों सहित कुल 5202 विद्यार्थियों ने विज्ञान, कला, वाणिज्य, बायोटेक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ–साथ अंग्रेजी, भूगोल एवं अर्थशास्त्र आदि विषयों में ऑनर्स की शिक्षा भी दी जा रही है। इस समय महाविद्यालय में लगभग 127 प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएँ कार्यरत हैं।

❖ **पुस्तकालय** :– पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों के साथ–साथ ही सम–सामयिक विषयों सहित इस समय हमारे महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल 63689 पुस्तकें हैं, 8657 पुस्तकें बुक बैंक में विद्यार्थियों के लिए संग्रहित हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन 11 राष्ट्रीय समाचार पत्र तथा 12 पत्रिकाएँ नियमित रूप से पाठकों को उपलब्ध करवाई जाती है। हमारे पुस्तकालय में 'स्वयं चयन करो व पढ़ो' की व्यवस्था है।

❖ **कॉलेज पत्रिका** :– महाविद्यालय की पत्रिका "भोर का तारा" का नियमित प्रकाशन होता है तथा इस सत्र से इस पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ. रामप्रताप जी हैं। श्रीमती सुमन कौशिक (हिंदी), श्री मुकेश (संस्कृत), श्रीमती मीना (विज्ञान), श्री कुसुम चौहान (फोटोग्राफी), डॉ. आशा सहारण (अंग्रेजी), रामचन्द्र (Planning Forum) में विभागीय संपादक है।

❖ **परीक्षा परिणाम** :– अपनी शानदार परम्पराओं को कायम रखते हुए विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय की पास प्रतिशत बहुत अच्छी रही है। हमारे मेधावी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय मैरिट सूची में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की और महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा को संजोये रखा है।

❖ **सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियाँ** :–

सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों की डीन डॉ. अंजली गुलाटी के नेतृत्व में सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

- महाविद्यालय में "प्रतिभा खोज प्रतियोगिता" का आयोजन 19 सितम्बर से 26 सितम्बर 2018 तक सफलतापूर्वक किया गया।
- हिसार क्षेत्र के आठवें युवा महोत्सव का आयोजन गुरू जम्भेश्वर साईस एंड टैक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, हिसार में 01 से 03 नवम्बर 2018 तक किया गया। इस अन्तः क्षेत्रीय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के 102 विद्यार्थियों ने 43 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सबसे

अधिक पुरस्कार जीतने के फलस्वरूप महाविद्यालय को Overall ट्रोफी से नवाजा गया व प्रोत्साहन स्वरूप Running Trophy भी प्रदान की गई।

- गुरू जम्भेश्वर साईस एंड टैक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, हिसार में जिन प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उन्होंने नॉर्थ जोन सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लिया और गुरू जम्भेश्वर साईस एंड टैक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, हिसार का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतियोगिता पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ द्वारा आयोजित की गई। हरियाणवी आर्केस्ट्रा की टीम ने इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- सत्र 2018–19 सांस्कृतिक गतिविधियों की दृष्टि से अति उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष हमारे महाविद्यालय की हरियाणवी आर्केस्ट्रा की टीम ने अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय और राष्ट्रीय स्तर पर अति उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए श्रीमती रेणुका गंभीर विशेष रूप से बधाई की पात्र है।

### ❖ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता –

हमारे महाविद्यालय ने खेलकूद के गौरवमयी इतिहास को कायम रखा है। सत्र 2018–2019 में महाविद्यालय की कुल 28 टीमों ने गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय की अन्तः महाविद्यालय तथा राज्य स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। महाविद्यालय की 69 वीं दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 13 व 14 फरवरी, 2019 को किया गया।

### ❖ टीमों की उपलब्धियाँ–

- सत्र 2018–2019 में महाविद्यालय में अन्तः महाविद्यालय हैंड़बाल (महिला व पुरूष) तथा हॉकी (महिला) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुकेबाजी पुरूष व महिला दोनो टीमों ने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
- महाविद्यालय की क्रास कन्ट्री (महिला), बास्केट–बाल (महिला), कुश्ती (महिला) तथा वाली–वाल (पुरूष) टीमों नें विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रास कन्ट्री (पुरूष), कब्बडी (महिला), हैंड़बाल (महिला), तथा साफ्ट–बॉल (पुरूष) टीमों ने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फुटबाल (पुरूष), बैडमिन्टन (पुरूष) तथा बेसबाल (पुरूष) वर्ग की टीमों ने विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय ने वर्तमान सत्र में अब तक कुल सत्रह अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### ❖ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ :–

- सबीना एम. ए. (Eng.II) नें अगस्त 2018 में लन्दन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हैंडबाल निमन्त्रण कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- सोनिका (बी. ए. प्रथम) ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 13 से 18 सितम्बर 2018 तक जॉर्जिया में आयोजित विश्व कैडेट कुश्ती प्रतियोगिता (World Cadet Wrestling Championship) में भाग लिया।जुलाई 2018 में ताईवान में आयोजित एशियन कैडेट कुश्ती प्रतियोगिता (Asian Cadet Wrestling Championship) में भाग लेते हुए रजत पदक प्राप्त किया।

### ❖ राष्ट्रीय स्तर अथवा अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर उपलब्धियां :–

- मीना (बी.ए.तृतीय) व रीना (बी.ए.द्वितीय) ने 2018–19 में अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय तीर–अन्दाजी प्रतियोगिता मे गुरू जम्भेश्वर साईस एंड टैक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, हिसार का प्रतिनिध्वि करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।
- मोनिका (बी.ए. प्रथम) ने अखिल भारतीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

लगभग 60 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर व अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

❖ एन.सी.सी. (आर्मी विंग)

एन.सी.सी. का आदर्श वाक्य "एकता और अनुशासन" है। यह देश के अलग–अलग हिस्सों से युवाओं को एक साथ लाने तथा उन्हें समर्पित, धर्मनिरपेक्ष, अनुशासित नागरिक बनाने के लिए समर्पित है। कैप्टन राज पाल के निर्देशन में 6 जून 2009 से महाविद्यालय में एन.सी.सी. आर्मी विंग सक्रिय है। एन.सी.सी. आर्मी विंग में 106 छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया है।

- 34 कैडेट्स ने CEE प्रमाण पत्र की परीक्षा फरवरी 2018 में सफलतापूर्वक पास की जिसमें एक कैडेट्स ने Alpha, 25 ने Brao तथा 07 ने Charlie Grade हासिल किया।
- वार्षिक ट्रैनिंग कैम्प जोकि 07–16 जून 2018 तक SKPSS स्कूल, सिवानी मण्डी, भिवानी में संपन्न हुआ, उसमें कैडेट्स ने ड्रिल व बास्केट बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सर्वश्रेष्ठ कमांडर का खिताब भी इसी कालेज के U.O. रवि कुमार ने हासिल किया।
- 08 कैडेट्स ने सर्जिकल Strike की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में पायलट के तौर पर भूमिका निभाई।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150 वें जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान के तहत कालेज परिसर की साफ–सफाई की।
- दिनांक 25.10.18 को NCC व NSS द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया।

❖ एन.सी.सी. (गर्ल्स आर्मी विंग) :–

लैफ्टिनेन्ट डॉ. स्नेहलता के निर्देशन में महाविद्यालय मे एन.सी.सी. गर्ल्ज विंग सक्रिय है, जिसमे 54 कैडेट्स पंजीकृत है। इस सत्र में प्रथम वर्ष के 19, द्वितीय वर्ष के 14 तथा तृतीय वर्ष के 21 कैडेट्स का चयन किया गया।

- 4.09.2018 से 26.09.2018 तक पैराबेसिक कोर्स आगरा में आयोजित हुआ, जिसमे 19 कैडेट्स ने भाग लिया। द्वितीय वर्ष की कैडेट्स सोनिया ने अपनी प्रतिभा के बल पर रोहतक ग्रुप मे अपना चयन करवाकर कॉलेज का गौरव बढाया।
- 13 से 20 नवम्बर तक All India Girls Trekking Expedition Camp अजमेर में लगाया गया, जिसमे हमारे महाविद्यालय की तीन छात्राओं– B.Sc III की अल्का, B.Com III की नैनसी और B.A.II की ममता का चयन, इस सत्र की विशेष उपलब्धि रही। अल्का ने Director Senior बनकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

❖ एन.सी.सी. (एयर विंग) :–

नियमित परपरा के तहत, सितम्बर 2018 को प्रथम वर्ष के कैडेट्स की नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई जिसमे 14 कैडेट (07 SD - 07 SW) का चयन किया गया।

- 08 कैडेट्स ने 'सी' प्रमाणपत्र परीक्षा–2018 को पास किया।
- 18 कैडेट्स ने 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा–2018 पारित की।
- 02 कैडेट्स ने 08 जनवरी 2018 से 19 जनवरी 2018 तक रोपड़ में एनआईसी–2 में भाग लिया।
- कैडेट Cpl. कर्मजीत ने 18 जून 2018 से 30 जून 2018 तक एयर फोर्स अटैचमेंट कैप, ग्वालियर मे भाग लिया।
- 09 कैडेट्स ने 07 सिंतबर 2018 से 16 सिंतबर 2018 तक रोपड में आयोजित पीवीएससी–1 में भाग लिया।

- कैडेट्स ने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस परेड में-महाबीर स्टेडियम, हिसार में भाग लिया।
- 06 कैडेट्स ने 01 अक्टूबर 2018 से 10 अक्टूबर 2018 तक रोपड़ में आयोजित पीवीएरसी–2 में भाग लिया।
- 03 कैडेट्स ने 11 अक्टूबर 2018 से 20 अक्टूबर 2018 तक रोपड में आयोजित पीवीएरसी–3 में भाग लिया।
- 05 कैडेट्स ने ग्रुप RDC Cum SATC-183 में केन्द्रीय विद्यालय, रोहतक में 13 अक्टूबर 2018 से 22 अक्टूबर 2018 तक भाग लिया।
- 03 कैडेट्स ने 11 नवंबर 2018 से 21 नवंबर 2018 तक आयोजित आरडीसी डीसीएटी शिविर में भाग लिया।
- कैडेट कमल ने 18 दिसंबर 2018 से 30 दिसंबर 2018 तक एयर अटैचमेंट कैंप, डुडीगल में भाग लिया।

## ❖ एन.एस.एस.

इस गतिविधि का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक, श्री विनोद प्रकाश, डॉ. नेहा विश्नोई, व डॉ. कविता संधू कर रहे हैं। इस टीम के सहयोग से महाविद्यालय में सत्र 2018–19 के लिए एन.एस.एस. स्वयं सेवकों का चयन करके एन.एस.एस. के बारे में स्वयं सेवकों को विस्तारपूर्वक अवगत करवाया।

- एन.एस.एस. द्वारा 21 से 23 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्रागंण में पौधारोपण किया गया। इस दौरान 300 पौधे लगाए गए।
- राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने 7 अगस्त को राज्यसभा का एक दिन का भ्रमण किया और राज्यसभा की कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की।
- 18 अगस्त को 'राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद' विषय पर मोक पार्लियामेंट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया
- 04 सितम्बर लोक निर्माण एन.जी.ओ. के द्वारा 'बेटी बचाओ–बेटी पढाओ' के उपलक्ष्य में दो स्वयंसेवकों को अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 11 से 13 सितम्बर तक विद्यार्थियों ने केरल बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राष्ट्रीय राहत कोष में अपना योगदान दिया।
- 03 अक्टूबर को महाविद्यालय के 21 स्वयंसेविकाओं ने प्रीआरडी सलैक्शन कैंप एच.ए.यू. हिसार में भाग लिया ।
- 04 अक्टूबर को लाडवी, हिसार में स्वंय सेवकों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।
- 11 से 21 अक्टूबर विश्व भारतीय कॉलेज सीकर राजस्थान में दस दिवसीय प्री आरडी सलैक्शन कैंप में चार स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
- 25 अक्टूबर राजकीय महाविद्यालय हिसार में रक्तदान शिविर कैंप का आयोजन किया गया।
- 27 अक्टूबर को महाविद्यालय के दो स्वयं सेविकाओं ने कुल्लू मनाली में आयोजित दस दिवसीय एन.एस.एस. कैंप में भाग लिया।

## ❖ रेड रिबन क्लब की गतिविधियाँ – इस क्लब के प्रभारी श्री अशोक कुमार है।

- 25 अक्टूबर 2018 महाविद्यालय प्रागंण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 216 यूनिट रक्तदान किया गया।
- 12 जनवरी 2019 को महाविद्यालय में 'युवा दिवस' मनाया गया जिसमें सामान्य हस्पताल के चिकित्सों ने विभिन्न बिमारियों के बारे में जानकारी दी।

❖ विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ

- श्री सुरेन्द्र कुमार, Chief Judicial Magistrate cum Secretary ने महाविद्यालय की जनरल एसेम्बली मे विद्यार्थियो को कानून सम्बन्धित जानकारी देकर जागरूक किया।
- 04–08–18 को महाविद्यालय मे हरियाणा स्टेट कानूनी अधिकार,पंचकूला के दिशानिर्देशानुसार विद्यार्थियो को 'सड़क सुरक्षा जागरूकता' विषय पर सुरेन्द्र कुमार, Chief Judicial Magistrate cum Secretary, श्री जितेन्द्र सिंह यादव, वर्क्स मैनेजर हरियाणा परिवहन, हिसार व लाभसिंह, ए.एस.आई. ट्रैफिक पुलिस, हिसार ने सम्बोधित किया।

❖ दिनाक 24.08.18 को 'सामाजिक एवं धार्मिक सोहार्द–प्रजातंत्र की पहचान' विषय पर एक सेमिनार पर आयोजन किया गया। जिसमें माननीय न्यायाधीश श्री एस.के. मित्तल चेयरमैन, हरियाणा मानवाधिकार आयोग, माननीय न्यायधीश श्री के.सी पुरी, मैम्बर, हरियाण मानवाधिकार आयोग, प्रो. सन्दीप राणा, गुरू जम्भेश्वर साईस एंड टैक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, हिसार व अंकित (बी.ए.तृतीय) मुख्य वक्ता रहे।

❖ **फाईन आर्ट कमेटी–**

फाईन आर्ट कमेटी की प्रभारी प्रो. श्रीमती लीना काजल तथा प्रो. सरोज बिश्नोई है। महाविद्यालय में समय–समय पर होने वाले समारोहों के शुभ अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रांगण में बनाई गई सुंदर रंगोली आगन्तुकों के आकर्षण का केन्द्र रही।

- 18 सितम्बर 2018 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं के अर्न्तगत पेंटिग, पोस्टर, स्लागन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।
- 27 से 28 सितम्बर 2018 को राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान I.C. COHS, CCS HAU हिसार में आयोजित अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में Poster Making में रजत ने द्वितीय स्थान, स्लोगन लेखन में प्रवीन ने प्रथम व सोनू ने द्वितीय स्थान, रेसिपी प्रतियोगिता में निशा ने तृतीय स्थान व संदीप ने सात्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- 01 से 03 नवम्बर 2018 को जोनल युवा महोत्सव गुरू जम्भेश्वर साईस एंड टैक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित किया गया। पेंटिग और पोस्टर मेकिंग में रजत प्रथम, Installalations में जगत प्रकाश, सलेन्द्र, ममता और अमन सेन ने सामूहिक रूप से भाग लिया।

❖ **विज्ञान प्रदर्शनी :–**

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की संयोजिका श्रीमती निर्मला बिश्नोई है। फिरोजगांधी मेमौरियल राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर में आयोजित अन्तर जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हमारे महाविद्यालय के **जन्तु विज्ञान** के मॉडल के लिए ममता (बी.एस.सी. तृतीय) व राजकुमार (बी.एस.सी. द्वितीय) ने प्रथम, **वनस्पति विज्ञान** के मॉडल के लिए विशाल (बी.एस.सी. द्वितीय) व मोहित कामरा (बी.एस.सी. द्वितीय) ने प्रथम व **रसायन विज्ञान** के मॉडल के लिए पूजा (बी.एस.सी. प्रथम) व अन्जू यादव (बी.एस.सी. द्वितीय) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

❖ **साहित्य परिषद् –**

- **अंग्रेजी परिषद** –अंग्रेजी साहित्य परिषद के प्रभारी डॉ0 विवेक भारती है। छात्रों को सत्र के दौरान समय–समय पर अंग्रेजी विषय के पाठ्यक्रम संबंधित चलचित्र आदि दिखाए गए।
- सत्र के दौरान विभिन्न कक्षाओं के छात्र–छात्राओं को भाषा लैब में अंग्रेजी का सही उच्चारण सम्बन्धी अभ्यास करवाया गया।

- स्नातकोतर व ऑनर्स कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु सेमीनार व क्विज का आयोजन किया गया।

❖ हिन्दी परिषद् –

- हिन्दी साहित्य परिषद् की प्रभारी की ओर से 'हरियाणा स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य' में 14 सितम्बर 2018 को हिन्दी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- 10 जनवरी 2019 को 'विश्व हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में राजभाषा हिन्दी से संबंधित साहित्यिक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया।
- विभाग के छात्रों ने युवा–महोत्सव मे वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, वांग्मिता में द्वितीय, हरियाणवी कविता में प्रथम एव पजाबी कविता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

❖ **मनोविज्ञान परिषद** – 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2018 तक मनोविज्ञान विभाग ने डॉ. ज्योति यादव, डॉ. सुरेन्द्र बाजिया एवं श्रीमती राधिका के दिशा निर्देशन में World Mental Health Week मनाया। विद्यार्थियों से 'Lets Talk' theme पर चार्ट बनवाऐ गए।

- 11 अक्टूबर 2018 को प्राचार्य महोदय ने Smart Room में अपने भाषण द्वारा छात्र–छात्राओं को शिक्षा की नई–नई तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात् सभी को Smart Screen पर दो लघु नाटिका Stigma एवं Plus minus दिखाई गई।
- **राजनीति शास्त्र परिषद्** – प्राचार्य श्री प्रताप सिंह रोहिल्ला की अध्यक्षता में दिनांक 04.09.2018 को महाविद्यालय में राजनितिक शास्त्र विभाग व प्लेसमेंट सैल के तत्वावधान में 'कैरियर आर्पोच्युनिटिज इन अब्रोड' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।
- राजनीतिक विभाग व प्लेसमेंट सैल के सयुंक्त तत्वावधान में दिनांक 06.02.2019 को महाविद्यालय में 'हाऊ टू क्वालीफाई पेपर वन ऑफ यू.जी.सी NET' विषय पर विस्तार वार्ता का आयोजन किया गया।

❖ अर्थशास्त्र परिषद् –

अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. बलजीत कडेला है।

- 27 सितम्बर, 2018 अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "वर्तमान समय में भारतीय अर्थव्यवस्था का समष्टि आर्थिक परिदृश्य" एवं "कृषि की कीमतों एवं उत्पादकता पर समसामयिक मौसम का प्रभाव विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 11 फरवरी 2019 को परिषद् की ओर से 'Discussion of Present Budget 2019' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

❖ विज्ञान परिषद् – इस परिषद् के प्रभारी डॉ. राजकुमार है।

- 18 सितम्बर, 2018 को जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया, महाविद्यालय की टीम ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 20 अक्टूबर, 2018 को जिला स्तरीय विज्ञान निबन्ध लेंखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा जोनल निबन्ध लेखन के लिए चयनित हुए विद्यार्थी मीना, प्रियका, हर्षिता व राजा कुमार ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- महाविद्यालय की प्रश्नोत्तरी टीम जोनल स्तर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।

- रक्षा–अध्ययन साहित्य परिषद :– इसकी प्रभारी डॉ. स्नेहलता है।

- रक्षा–अध्ययन विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान के लिए महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के डॉ. प्रताप सिंह को आमंत्रित किया गया।

- 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा', जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों के साथ संवाद किया। इस कार्यक्रम में रक्षा अध्ययन विभाग के B.A. IV सेमेस्टर के छात्र योगेश शर्मा ने भाग लिया। हरियाणा से इस कार्यक्रम में शामिल होने वाला योगेश शर्मा अकेला छात्र था।

## ❖ विभागीय उपलब्धियाँ

❖ **संस्कृत विभाग** :–संस्कृत विभाग में संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (मानिद विश्वविद्यालय) नई दिल्ली द्वारा दी जाने वाली छात्रवृति प्रतिवर्ष की भांति वर्ष 2018–19 में भी विभाग के कुल 130 छात्रों ने प्राप्त की है। जिसमें से एम.ए. संस्कृत के कुल 42 छात्रों ने 5000 रूपये प्रति छात्र के हिसाब से कुल 210000 रूपये व बीए के कुल 89 छात्रों ने 4000 रूपये प्रति छात्र के हिसाब से 356000 रूपये प्राप्त करके कुल राशि 566000 रूपये प्राप्त की है।

- वर्ष 2018–2019 में एम. ए. संस्कृत के कुल 8 छात्रों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) उत्तीर्ण की है।

### ❖ अंग्रेजी विभाग

- स्नातकोत्तर स्तर पर प्रज्ञा गम्भीर ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया था। ज्योति शर्मा, चांदनी अहलावत और परागिनी क्रमशः दूसरी, चौथी व आठवी पायदान पर रही। पिछले वर्ष विभाग के विद्यार्थी प्रवीण बूरा ने दो बार NET परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी वर्ष गरिमा भयाणा ने न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया वरन् NET की परीक्षा भी पास की। एम.ए. अंग्रेजी के चर्तुथ सैमस्टर के छात्र अजय ने NET की परीक्षा उत्तीर्ण की।
- विभाग के विद्यार्थी पंकज राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार मे असिस्टैंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त है, उसी बैच के विष्णु ने जे0आर0एफ0 परीक्षा उतीर्ण की है।
- रशिमिता ने लीगल लिट्रेसी कार्यक्रम के तत्वाधान मे स्टेट लेवल पर कविता पाठ मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### ❖ रक्षा–अध्ययन विभाग

- रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार द्वारा "भारत की सुरक्षा में नेपाल का सामरिक महत्व" व "Dictionary of Military Terms" नामक पुस्तक प्रकाशित की गई।
- रक्षा अध्ययन विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ0 कुलदीप जागलान द्वारा "रक्षा विज्ञान" नामक पुस्तक प्रकाशित की गई।
- रक्षा अध्ययन विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर श्री आजाद कुमार द्वारा "राष्ट्रीय सुरक्षा" नामक पुस्तक प्रकाशित की गई।

### ❖ गणित विभाग

- 30 अक्टूबर को हिन्दू कन्या महाविद्यालय, जीन्द में आयोजित स्टेट लेवल मैथमैटिक्स क्विज कॉन्टेस्ट में डॉ. गोविल जिन्दल के नेतृत्व में महाविद्यालय की तीन विद्यार्थियों (शालू, पूजा, पकज) ने शानदार प्रदर्शन करते हुआ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

❖ वाणिज्य विभाग

- 12 सितम्बर 2018 डॉ. आकाश शर्मा द्वारा 'संचार कौशल के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास' विषय पर बी.कॉम. के विद्यार्थियो के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 6 फरवरी 2019 डॉ. पंकज ने बी.कॉम. (तृतीय) के विद्यार्थियों के लिए 'बी.कॉम. के बाद कॅरियर के अवसर' विषय पर व्याख्यान दिया।
- एम.कॉम. द्वितीय वर्ष के चार विद्यार्थियो (प्रियंका, दिव्या जाखड, शुभम गर्ग और दीपक) ने यू.जी.सी. नेट की परीक्षा जुलाई 2018 पास की व एम.कॉम. तृतीय वर्ष के विद्यार्थी तुषार जैन ने यू.जी.सी. जे.आर.एफ. दिसम्बर 2018 पास की।
- वाणिज्य विभाग की सभी कक्षाओ मे से 51 मेधावी छात्र और छात्राओ ने करनाल में 28 जनवरी, 2019 को आयोजित मेगा जोब फेयर में भाग लिया। 51 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थियो का चयन विभिन्न कंपनियो में हुआ।
- कॉमर्स विभाग के दो विद्यार्थी (मुकेश व अंजू) का चयन हरियाणा सरकार की ग्रुप--डी -2019 में हुआ।

❖ भौतिकी विभाग

- विभाग के श्री दलीप सिंह, श्री रामसिंह, श्रीमती विनू मेहता एवं श्रीमती सोनिया रानी ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के बी.एस.सी. के छात्रों के लिए पाठयक्रम निर्माण मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- विभाग की डॉ. सरिता, डॉ. हीना, डॉ. बुलकेश और श्रीमती विनू मेहता के शोधपत्र अन्तर्राष्ट्रीय Journals मे प्रकाशित हुए।
- विभाग की डॉ. बुलकेश ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार से अपनी पी.एच.डी. की उपाधि ग्रहण की।
- विभाग के पूर्व छात्र विनू मेहता, पूनम सोनी और जाग्रति का चयन हरियाणा लोक सेवा संघ द्वारा Assistant Professor College cadre, Physics में हुआ।
- महाविद्यालय के पूर्व छात्र सोनिया, ज्योति ओसवाल, ममता, योगिता और प्रदीप कुमार का चयन HSSC द्वारा PGT Physics के पद पर हुआ।
- इस महाविद्यालय के छात्र चंदेश बंसल ने JAM-2018 में AIR-26 और JEST-2018 में AIR-83 प्राप्त किया।

❖ वनस्पतिक विज्ञान विभाग

- इस वर्ष महाविद्यालय के मैडिकल संकाय के छात्र कृपाराम, विवेक चोपडा व नीरज का विभिन्न विश्वविद्यालयो मे सहायक प्राध्यापक पद के लिए चयन हुआ है। राजकीय महाविद्यालय में मालविका, श्यामलाल व जितेन्द भी सहायक प्राध्यापक पदो के लिए चयनित हुए है।

❖ भूगोल विभाग

- 24.10.2018 से 29.10.2018 तक M.Sc. भूगोल के छात्रों को फील्ड सर्वे के लिए डॉ. सरजीत सिंह के नेतृत्व मे माउन्ट आबू, उदयपुर, चितौडगढ शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया। वहां विद्यार्थियों ने इन स्थानों की फील्ड सर्वे रिपोर्ट भी तैयार की ।

❖ जन संचार विभाग

- श्रीमती कुसुम, विभागाध्यक्ष, जन संचार विभाग ने सी.एम.टी. विभाग, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान तथा तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा जुलाई 2018 मे आयोजित प्री.पी.एच.डी. परीक्षा मे प्रथम रही।
- श्रीमती कुसुम को सी.एम.टी. विभाग, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान तथा तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा 'बोर्ड ऑफ स्टडीज' का सदस्य नियुक्त किया गया।
- निर्माता, निर्देशक व बतौर कहानीकार श्रीमती कुसुम ने एक लघुफिल्म 'प्रेरणा–नई जिन्दगी की' का निर्माण किया।
- आशीष, बी.ए. (प्रथम वर्ष) ने इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक मे आयोजित माडल यूनाइटेड नेशनस मे 'सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि' की ट्राफी तथा 10,000/– का नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

❖ **शिक्षा के साथ रोजगार** – इसके प्रभारी डॉ0 रामप्रताप हैं। शिक्षा के साथ रोजगार कार्यक्रम के तहत 2018–19 में 1 लाख 2 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई जिसके तहत 120 जरूरतमंद छात्र – छात्राएं लाभान्वित हुए।

❖ सरकारी ग्रान्ट 2018–19

- इस सत्र मे विज्ञान परिषद के लिए 30000/– रूपये प्राप्त हुए। जो विज्ञान प्रदर्शनी के लिए मॉडल तैयार करने पर खर्च किये गये। 1 लाख 60 हजार रूपये खेलकूद प्रतियोगिता के लिए प्राप्त हुए। 30 हजार रूपये का अनुदान दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उमंग' हेतु प्राप्त हुए।
- प्रयोगशालाओं के सुधार के लिए महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा के द्वारा इस सत्र 2018–19 में 200000/– लाख रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई।

❖ **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान** (RUSA) के अन्तर्गत महाविद्यालय को 'मॉडल डिग्री कॉलेज' घोषित किया गया हैं। इस समिति के प्रभारी डॉ0 विवेक सैनी हैं।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत प्राप्त अनुदान राशि से महाविद्यालय में स्नातकोत्तर एवं ऑनर्स कक्षाओं के लिए 10 कमरों का एक शिक्षण खंड निर्माणाधीन है। इसी अनुदान राशि से छात्रों व छात्राओं के लिए अलग–अलग दो शौचालयों एवं दिव्यागों के लिए एक रैंप का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिनका निर्माण आरम्भ हो चुका है। महाविद्यालय में एक विद्युत सब–स्टेशन का निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका है, जो इसी अनुदान राशि से पूरा किया गया है। इसी राशि से गणित विभाग के लिए एक कंप्यूटर लैब की भी स्थापना की गई है।

इसके अतिरिक्त इस सत्र में प्राप्त 1 करोड़ की अनुदान राशि को प्रयोग करने की प्रशासकीय अनुमति उच्चतर शिक्षा निदेशालय से प्राप्त हो चुकी है, जिसमें महाविद्यालय पुस्तकालय में दो वातानुकूलित व सुसज्जित रीडिंग हॉल और पार्किंग एरिया का नवीनकरण प्रस्तावित है।

❖ छात्रवृति –

- अनुसूचित जाति समेकित छात्रवृति योजना के तहत सत्र 2018–19 में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 1000/–रूपये व वर्ष में एक बार 2000/– रूपये की पुस्तकें खरीदने हेतु अनुग्रह राशि प्राप्त हुई इसकी प्रभारी प्राध्यापिका श्रीमती दुर्गा है। इस साल 957 विद्यार्थियों को 76 लाख 56 हजार रूपये वितरित किए जा चुके हैं तथा शेष छात्रवृति की रकम 57 लाख 42 हजार रूपये प्राप्त होते ही विद्यार्थियों के बैंक खातों में डाल दिए जायगें। छात्रावास में रहने

वाले 43 छात्रों को 500/– रूपये प्रति माह के हिसाब से 2,58,000/– रूपये भी सरकार से प्राप्त होते ही विद्यार्थियों के बैंक खातों मे डाल दिये जायगें।

- पिछड़ा वर्ग जाति छात्रवृति योजना तहत गत वर्ष पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को वर्ष 2018–19 के लिए अनुग्रह राशि प्राप्त होते ही ऑन–लाईन सीधे विद्यार्थियों के खाते में जमा करवा दी जाएगी। इसके प्रभारी श्री ईश्वर सिंह है।

❖ **POSE (Promotion of Science Education) Scholarship 2018-19**

- इस योजना के अनुसार हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकुला, हरियाणा के विभिन्न महाविद्यालयों के सर्वोच्च 100 विज्ञान के छात्रों को 52000/– रूपये प्रतिवर्ष के हिसाब से तीन वर्षो के लिये छात्रवृति प्रदान करती है। 2018–19 सत्र के लिए राजकीय महाविद्यालय हिसार के 11 छात्रों का चयन इस छात्रवृति के लिए किया गया है। इस छात्रवृति की प्रभारी श्रीमती निर्मला बिश्नोई है।

❖ व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :

- डॉ0 श्रीमती कुसुम सैनी, एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी, हिसार आकाशवाणी केन्द्र से समय–समय पर प्रसारित होने वाली 'वार्ता' में भाग लेने वाली सदस्या है। 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में हिसार आकाशवाणी केन्द्र में मनाये जाने वाले 'हिन्दी पखवाडे' के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रश्नपत्र की जाँच एवं निर्णायक की भूमिका निभाई। महानिदेशक उच्चतर शिक्षा पंचकूला के लेटर न. 8/38-2017 C-4 (I) दिनांक 3–1–19 को डा. कुसुम सैनी को करनाल के GD DAV College of Education for women में साक्षात्कार के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत किया गया।
- डॉ. विवेक भारती, अंग्रेजी विभाग द्वारा अक्तुबर 2017 में "The Narration of India in the selected works of Tabish Khair" विषय पर पी.एच.डी. की उपाधि के लिए महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में शोध ग्रंथ प्रस्तुत किया और मार्च 2018 में पी.एच.डी. पूर्ण की।
- डॉ. रमेश आर्य की गत वर्ष 'कॉरपोरेट अकाउटिंग व प्रबंध के सिद्वात' सहित पाँच पुस्तक ISBN No. के साथ प्रकाशित हुई। कुल प्रकाशित पुस्तकों की संख्या 24 हो गई है। दो रिसर्च पेपर इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ कॉमर्स एंड लॉ में तथा एक रिसर्च पेपर आईएसबीएन नंबर के साथ 'इंपैक्ट ऑफ करेंसी डीमोनेटाईजेशन ऑन वेरियस फील्डस' नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ। भिवानी के वैश्य कॉलेज में आयोजित इंटरडिसिप्लिनेरी नेशनल सेमिनार में चेयरपर्सन की भूमिका निभाई। जाट महाविद्यालय, जीन्द में आयोजित इन्टरनेशनल सेमिनार में डॉ. रमेश आर्य ने अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। डॉ. रमेश आर्य ने विभिन्न महाविद्यालयों में What of Gradation विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किये। सहज योग ट्रस्ट के प्रतिनिधि के रूप मे लाहौरिया ट्रस्ट, हिसार द्वारा सम्मानित किया गया।
- डॉ. रेणुका गम्भीर को संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए तान तरंग सभा द्वारा अविरल राष्ट्रीय संगीत महोत्सव 2018 में दिनाक 18 मई, 2018 को सितार वादन की प्रस्तुति हेतु सम्मानित किया गया। Best of the Best नेशनल अवार्ड दिनांक 23 जुलाई 2018 को वित मंत्री कैप्टन अभिमन्यु द्वारा प्रदान किया गया। संगीत संकल्प सप्तक द्वारा दिनाक 21 अक्तूबर 2018 को अहमदाबाद, गुजरात में सितार वादन की प्रस्तुति देने पर सम्मानित किया गया।
- श्रीमती दुर्गा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति द्वारा 'Post Graduate Board of Studies' Political Science के सदस्य के रूप में दो वर्ष (2017–19) के लिए कॉलेज शिक्षक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। श्रीमती दुर्गा एसोसिएट प्रोफेसर राजनितिक शास्त्र गुरू

जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के उप–कुलपति द्वारा सत्र 2018–2019 के लिए राजकीय सहायता प्राप्त प्राइवेट महाविद्यालय में नियुक्त किए गए संकाय/शैक्षणिक कर्मचारी वृन्द को करियर एडवास स्कीम के अंतर्गत मिलने वाले उच्च ग्रेड 1 से 2, 2 से 3 पर विचार करने वाले सह–मूल्यांकन समिति स्क्रीनिंग के विषय विशेषज्ञ नियुक्त किया गया। जीजेयू साईस एण्ड प्रोद्योगिकी हिसार की एड–हॉक बोर्ड ऑफ स्टडीज में स्नातक मानविकी और सामाजिक विज्ञान के विशेषज्ञ के रूप मे नियुक्त किया गया। दिनांक 22.10.2018 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएट बोर्ड ऑफ स्टडीज की मीटिंग में महाविद्यालय की ओर से कॉलेज टीचर रिप्रेजन्टेटिव के रूप में भाग लिया।

- **डॉ. आशा किरण जैन** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के कुलपति द्वारा डॉ. आशा किरण जैन, एसोसिएट प्रोफेसर जीव विज्ञान को Board of studies के सदस्य के रूप में दो वर्ष के लिए कॉलेज शिक्षक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया।
- **डॉ. स्नेह लता** दिनांक 19 जुलाई 2018 को एन.सी.सी. निदेशालय, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल–प्रदेश और चंडीगढ द्वारा आयोजित ATC कैंप मे तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन, राजकीय महाविद्यालय, हिसार की और से बेहतरीन परफॉरमेंस देने पर मेजर जनरल आर.एस. मान ने अपने कर कमलों द्वारा लेफ्टिनेंट डॉ. स्नेह लता को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया।
- **डॉ. बलजीत कन्डोला** 'सार्वजनिक व्यय हरियाणा में मानव विकास का विश्लेषण' विषय पर सी.आर. किसान कालेज, जीन्द में 2 व 3 नवम्बर 2018 पेपर प्रस्तुत किया। 'सार्वजनिक व्यय भारतीय राज्यों में मानव विकास पर प्रभाव का विश्लेषण' विषय पर 14 व 15 दिसम्बर 2018 में जम्मू विश्वविद्यालय में पेपर प्रस्तुत किया। 'नाबार्ड और माइक्रोफाइनेंस हरियाणा मे स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज कार्यक्रम का मूल्यांकन' विषय पर चौ0 देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से पी.एच.डी. की उपाधी प्राप्त की । 'भारत तथा हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ बढते अपराध का विश्लेषण' विषय पर IJSRR Journal, ISSN 2279-2543 में पेपर प्रकाशित करवाया। 'विमुद्रीकरण और भारत में इसका प्रभाव' विषय पर SPJMR Journal, ISSN 2394-2886 में पेपर प्रकाशित करवाया। 'अनुसंधान पद्धति और सामाजिक–आर्थिक विकास' पर 11 व 12 अगस्त 2018 को चौ0 देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- **श्रीमती किरण भुक्कल** ने 'अध्यात्म योग एवं मूल्य' विषय पर सात दिवसीय वर्कशॉप (01.10.2018 से 06.10.2018) गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार में भाग लिया।
- **डॉ. मनोज कुमार** का शोध पत्र 'Socio Economic Development in village Lions Nagar, Khajerli ( A Micro level Analysis)' IJIRAH, Volume III, online ISSN: 2456-3145 में प्रकाशित हुआ। शोधपत्र 'Social Infrastractural Development in India (1971-2011) खालसा कालेज, पटियाला में 2–3 नवम्बर 2018 को आयोजित International conference मे प्रस्तुत किया। Quality of Living in India: A Household Level Analysis नामक शोधपत्र International conference, Moscow, Russia में 4–6 जुलाई 2018 को प्रस्तुत किया गया।
- **श्रीमती कविता संधु** ने अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार जाट कॉलेज, जीन्द में 'The Evolution of Coalition Governments in India History and Analysis of Political Alliances' नामक शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया। राजकीय कॉलेज, नलवा में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार मे 'हिन्दू धर्म में पर्यावरण सरंक्षण' नामक शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेमिनार जाट कालेज, हिसार में 'Climate change : Causes, Consequences and Geopolitics शीर्षक से

शोध पत्र प्रस्तुत किया। इनके तीन शोध पत्र विभिन्न Journals में प्रकाशित हुए। HIPA, गुरूग्राम की एक सप्ताह की ट्रेनिंग में भाग लिया।

- **श्री दिनेश कुमार** वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनारों में भाग लिया। इन्होंने गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय हिसार में हुई अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की। इसके अलावा इन्होंने नेहरू युवा केन्द्र तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित उत्तर पूर्वी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय हिसार में अपना सम्बोधन दिया।
- **श्रीमती अंजली गुलाटी** ने इस वर्ष प्राणी विज्ञान में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की।
- **डॉ. मुकेश कुमार,** संस्कृत विभाग हिसार ने वर्ष 2018 में 'बन्धुजीवम् इत्युपन्यासस्य समीक्षात्मकम् अध्ययनम्' शीर्षक विषय पर मार्च 2018 में शोध-ग्रंथ प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली विश्वविद्यालय से विद्यावारिधि (Ph.D.) उपाधि प्राप्त की।

❖ आभार ज्ञापनः-

पुरस्कार वितरण समारोह की इस पावन बेला पर इस सत्र में विशेष रूप से सक्रिय सहयोग के लिए सर्वप्रथम वित्तायुक्त एवं हरियाणा शिक्षा सचिव श्री अनिल कुमार व महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग श्री ए. श्रीनिवास का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके कुशल मार्ग दर्शन, संरक्षण एवं योगदान से महाविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में आयाम स्थापित किये है। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के निरन्तर सहयोग के प्रति कृतज्ञ हूँ। मैं कॉलेज काउंसिल के सदस्यों एवं सभी सहयोगी प्राध्यापकवृन्द का भी हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। इस महाविद्यालय की शक्ति इसका प्राध्यापकवृन्द एवं अन्य स्टाफ सदस्य हैं। सभी प्राध्यापक अत्यंत मेहनती निष्ठावान एवं लग्नशील हैं। मेरे इन सहयोगियों ने शैक्षणिक स्तर को उन्नत करने, विद्यार्थियों को रचनात्मक कार्यों में प्रवृत करने तथा उन्हें सौंपे गए अतिरिक्त कार्यभार को निष्ठा से निभाया है। आज के समारोह में प्रस्तुत की गई इस वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए अंग्रेजी विभाग की श्रीमती सुदेश शर्मा व सलाहकार श्रीमती कुसुम सैनी की तत्परता का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ। वर्ष भर कार्यरत रहने वाली कमेटियों के संयोजकों व प्रभारी प्राध्यापकों का मैं पुनः हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में नई ऊँचाईयों को छुआ तथा अनेक सराहनीय कीर्तिमान स्थापित किये। पुस्तकालय, कार्यालय एवं प्रयोगशाला कर्मचारियों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। इन्होंने अपने निर्धारित कर्तव्यभार निभाने के साथ-साथ समय-समय पर आने वाले आकस्मिक कार्यों का सम्पादन बड़ी लग्न व निष्ठा से किया है। सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने महाविद्यालय के भवन एवं परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाये रखने में अपना सहयोग दिया।

अंत में मैं पुनः आज के इस समारोह में आपकी उपस्थिति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। आपने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से कुछ समय निकाल कर इस समारोह की शोभा बढ़ाई। इसके लिए मैं दिल से सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। मैं शहर एवं बाहर से आए हुए मेहमानों एवं पत्रकार बन्धुओं के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त करना अपना परम कर्तव्य समझता हूँ।